संख्या–6069 / आ.ब.–2 / विकास–प्रबन्धन परामर्शदाता / 2001प्रे

प्रेषक,

संजय भूसरेड्डी,
अधिशाषी निदेशक,
आवास बन्धु, उ.प्र.

सेवा में,

1. अध्यक्ष,
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

2. उपाध्यक्ष,
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

आवास बन्धु, लखनऊः दिनाँक– 8 अक्टूबर, 2001

विषय : मैनेजमेन्ट आडिटर्स द्वारा उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद / विकास प्राधिकरण तथा आवास बन्धु को भेजी जाने वाली त्रैमासिक रिपोर्ट।

महोदय,

प्रदेश के प्राधिकरणों / उ.प्र.आवास एवं विकास परिषद की वित्तीय व्यवस्था पर प्रभावी नियंत्रण तथा उनमें सुधार लाने में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से आवास बन्धु द्वारा इन दोनों अभिकरणों में मैनेजमेन्ट आडिटर्स की व्यवस्था की गई है। इस सम्बन्ध में लागू व्यवस्था के अनुसार मैनेजमेन्ट ऑडिटर आवास बन्धु द्वारा निर्धारित अभिलेखों का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट प्राधिकरण / उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा आवास आयुक्त को उपलब्ध कराते हैं जिसकी प्रति आवास बन्धु को प्रेषित की जाती है।

1. प्रत्येक त्रैमासिक रिपोर्ट के साथ उसकी ''इक्जीक्यूटिव समरी'' भी लगाई जाए।

2. शासन द्वारा इस वर्ष लागू किये गए प्राधिकरण वित्त एवं लेखा मैनुअल 2002 को प्राधिकरण में किये जाने की अद्यतन स्थिति तथा इसके लिये प्राधिकरण में किये जा रहे प्रयासों का उल्लेख त्रैमासिक रिपोर्ट में किया जाए।

कृपया अपने विभाग से सम्बन्धित मैनेजमेंट आडिटर को तद्नुसार अपने स्तर से सूचित करने का कष्ट करें ।

भवदीय,

संजय भूसरेड्डी
अधिशाषी निदेशक।

पत्र संख्या : 6069(1) / आ.ब.–3 / समन्वय–मैनेजमेंट आडिट / 2002
प्रतिलिपि :– सम्बन्धित मैनेजमेंट आडिटर को अनुपालनार्थ प्रेषित।

भवदीय,

संजय भूसरेड्डी
अधिशाषी निदेशक।